।। ओ३म् ।।

www.aryawartkesari.com

आर्यावर्त केसरी

विश्व भर में प्राच्य वैदिक संस्कृति तथा भारतीयता का उद्घोषक पाक्षिक

आर.एन.आई.सं.
UPHIN/2002/7589
डाक पंजी. सं.
UPMRD Dn-64/2024-26

दयानन्दाब्दः 199
मानव सृष्टि सं. : 1960853124
सृष्टि सं.: 1972949124

ARYAWART KESARI
Amroha U.P.-244221 India

संरक्षक सहयोग : रू. 5100/— आजीवन : रू.1100/— वार्षिक शुल्क : रू.100/— (विदेश में) 5 वर्ष के लिए 35 डॉलर

वर्ष-23 अंक-02 चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत से बैशाख कृष्ण षष्ठी संवत 2081 विक्रमी 16 से 30 अप्रैल 2024 अमरोहा (उ.प्र.) मूल्य : प्रति -5/-

आर्य समाज गांधी नगर का 73वाँ वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न

यज्ञोपवीत के त्रिसूत्र ऋषि,देव और पितृ ऋणों के प्रतीक- स्वामी आर्यवेश

अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि हमारा लक्ष्य- वेद व्यास

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

गाजियाबाद। आर्य समाज मंदिर,पुराना गांधी नगर का 73वाँ त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव एवं बैसाखी पर्व हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।पूज्य स्वामी आर्यवेश जी के ब्रह्मत्व में महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यज्ञमान श्रीमती एवं श्री अनूप भगत रहे।उन्होंने यज्ञ की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की ओर लगभग 100 युवकों एवं युवतियों को यज्ञोपवीत धारण कराए और कहा कि यज्ञोपवीत ज्ञान ग्रहण करने का बाह्य चिह्न है।आज इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वे अज्ञान, अंधकार से बाहर निकलेंगे और और ज्ञानवान होकर परिवार, समाज,राष्ट्र को प्रकाशित करेंगे एवं अपने जीवन में स्वाध्याय और यज्ञ को कभी नहीं छोडेंगे।विशेष कर यज्ञोपवीत में तीन धागे होते है वे तीन ऋणों के प्रतीक हैं।ऋषि ऋण,देव ऋण,पितृ ऋण।मनुष्य को इन तीनों ऋणों का बोध हो हमारा यज्ञोपवीत धारण कराने यही उद्देश्य है।

महामंत्री वेद व्यास ने कहा कि अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि हमारा लक्ष्य को मध्यनजर रखते हुए उन्होंने बताया कि हमारे यहां प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से निःशुल्क योग कक्षा योग शिक्षिका अल्का बाठला के सानिध्य में शुरू होती है।प्रातः 8:30 दैनिक यज्ञ होता है। 11 से 12 बजे तक कंप्यूटर ट्रेनिंग टैली प्रोफेशनल कोर्स जिसमें 3 महीने में बच्चा अकाउंट का मास्टर बन जाता है और रोजगार प्राप्त करता है।सायं 3 से 7 बजे तक विभिन्न कक्षाएं जिसमें निर्धन बच्चों को पढ़ाई-लिखाई,इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स एवं वीना भार्गव के सानिध्य में सिलाई सिखाई जाती है, सीखने के पश्चात छात्रा/महिला को उपहार स्वरूप सिलाई मशीन दी जाती है जिससे वह आत्म निर्भर हो सकें। समारोह में बजुर्ग महिलाओं, होनहार युवक और युवतियों को स्वामी आर्यवेश एवं वेद व्यास ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मधुर भजन-नरेश चन्द्र,दीना नाथ नागिया,महाशय सुरेन्द्र,प्रवीण आर्य,श्रीमती अंशू मेहता आदि ने ईशभक्ति एवं देशभक्ति गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में आर्य समाज में कंप्यूटर,सिलाई विद्या अर्जन कर रहे छात्र छात्राओं का सामूहिक देशभक्ति गीतों पर नृत्य, स्वगतगान तथा सांकृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

इस समारोह में स्वामी सुर्यवेश डा आरके आर्य,राजेन्द्र आर्य, प्रवीण आर्य ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी सूर्यवेश,तिलक राज सलूजा,वेद प्रकाश वोहरा,प्रवीण आर्य,सुषमा -संजीव अबरोल, नरेन्द्र आर्य,डा प्रमोद सक्सेना, देवेंद्र महत्ता आदि श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। शांतिपाठ एवं प्रीतिभोज के साथ समारोह संपन्न हुआ।



देश विदेश के सभी सम्मानित पाठकों, विद्वानों, लेखकों तथा विज्ञापनदाताओं को आर्य समाज स्थापना दिवस एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! -

डॉ. अशोक कुमार आर्य,

संपादक

विश्वभर में भारतीय संस्कृति का उद्घोषक पाक्षिक समाचार-पत्र

आर्यावर्त केसरी

पाठक संख्या
100000
एक लाख

विज्ञापन एवं आलेख प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें-

डॉ. अशोक कुमार आर्य, सम्पादक

निकट- मुरादाबादी गेट, अमरोहा (उ.प्र.)-244221
मोबा : 8630822099, 09412139333
ई-मेल : aryawartkesari@gmail.com

सम्पादकीय

वेद पढ़ने का अधिकार सबको है

सामाजिक बुराई का पुरजोर विरोध करने और साफगोई की वजह से दयानंद सरस्वती कई लोगों के निशाने पर आ गए उनके कई विरोधी बने. तत्कालीन वायसराय ने जब उनसे ब्रिटिश साम्राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना करने को कहा तो उन्होंने साफ कहा कि मैं तो हमेशा ब्रिटिश साम्राज्य के शीघ्र समाप्ति की कामना किया करता हूं.

इसी वजह से उनकी हत्या और अपमान के लगभग 44 कोशिशें हुई. अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तरीकों से 17 बार उन्हें जहर देकर मारने की कोशिशें की गईं, लेकिन उन्होंने कभी किसी को सजा देना या दिलवाना सही नहीं समझा. जब उनके अनुयायियों ने उनसे कहा कि आप ऐसा न कहें जिससे कि बड़े-बड़े आफिसर नाराज हो जाएं. इसके जवाब में महर्षि दयानन्द ने कहा, चाहे मेरी अंगुली की बाती बनाकर ही क्यों न जला दी जाएं मैं तो केवल सत्य ही कहूंगा.

कई राजाओं ने दयानंद सरस्वती को जमीन देने की, मन्दिरों की गद्दी देने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने कभी उसे नहीं लिया. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से वो लगातार देश को आजादी दिलाने की कोशिशों में लगे रहे. अपने शिष्यों को प्रेरित करते रहे. श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह, स्वामी श्रद्धानन्द लाला लाजपत राय जैसे महान बलिदानी और देशभक्त उन्हीं की प्रेरणा पर देश पर जान देने को उतावले हो उठे.

वो अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए देश के युवाओं को जर्मनी भेजने को लेकर खासे उत्सुक रहे थे. केशवचन्द्र सेन, गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर के पिता, महादेव गोविन्द रानाडे, पण्डिता रमाबाई, महात्मा ज्योतिबा फुले, एनी बेसेंट, मैडम ब्लेटवस्की के साथ बातचीत कर उन्हें सत्य की एक राह पर चलने के लिए राजी करने की कोशिशें की. मार्ग पर सहमत करने का प्रयास किया. मानव की उन्नति के लिए उन्होंने 16 संस्कारों पर विस्तार से लिखा. उन्होंने लोकतंत्र, योग, पर्यावरण सब पर अपनी बात रखी.

6 फुट 9 इंच के ऊंचे कद वाले गौर वर्णधारी ब्रह्मचर्य के स्वामी योगी महर्षि दयानन्द सरस्वती ने हर व्यक्ति उन्नति के लिए शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति को जरूरी बताया था. 59 साल में 1883 में जोधपुर में जहर दिया गया था. जिस जहर से वो अपने शरीर को नहीं बचा सकें उन्होंने उस जहर देने वाले को सजा से बचाया. दरअसल वो जोधपुर नरेश महाराज जसवंत सिंह के बुलावे पर जोधपुर गए थे. वहां महलों में जाने पर उन्होंने देखा नन्हीं नामक की एक वेश्या अनावश्यक हस्तक्षेप और महाराज जसवंत सिंह पर बेहद असर था.

स्वामी जी ने महाराज को समझाया और उन्होंने नन्हीं से रिश्ते तोड़ दिए. इससे नाराज नन्हीं ने स्वामी जी के रसोइए कलिया उर्फ जगन्नाथ अपने साथ मिलाया और उनके दूध में पिसा हुआ कांच मिलवा दिया. सोइए कलिया ने कुछ देर बाद स्वामी दयानंद के पास आकर अपना अपराध स्वीकारा और क्षमा मांगी. दयालु स्वामी ने उसे राह-खर्च ही नहीं दिया बल्कि जीवन जीने के लिए 500 रुपए देकर विदा किया ताकि पुलिस उसे परेशान न करें.

कहा जाता है कि स्वामी जी को जोधपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो अंग्रेज सरकार के कहने पर वहां का डॉक्टर भी उन्हें जहर देता रहा था. तबियत बेहद खराब होने पर उन्हें अजमेर के अस्पताल में लाया गया, लेकिन तब -तक बहुत देर हो गई थी. आखिरकार जहर के असर से 30 अक्टूबर 1883 में अजमेर में उनकी मौत हो गई.आज उनके बनाए आर्य समाज के दुनिया के 30 देशों और भारत के सभी राज्यों में 10000 से अधिक इकाइयां काम कर रही हैं.

यज्ञ एवं दान आदि से जीवन पवित्र करने वाले तपोवन आश्रम के कीर्तिशेष प्रधान दर्शनकुमार अग्निहोत्री जी

आर्यावर्त केसरी समाचार

देश में ऋषि दयानन्द के अनेक अनुयायी हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन एवं कार्यों से अनेक आदर्श प्रस्तुत किये हैं। वैदिक साधन आश्रम तपोवन, देहरादून सहित आर्यजगत की अनेक संस्थाओं में अधिकारी रहकर अपने दान आदि सत्कर्मों से अनेक संस्थाओं व गुरुकुलो आदि का पोषण करने वाले कीर्तिशेष दर्शनकुमार अग्निहोत्री जी का जीवन आदर्श एवं अनुकरणीय कार्यों का जीवन्त उदाहरण रहा है। वह ऐसे ऋषिभक्त तथा वैदिक धर्म प्रेमी सत्पुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन में प्रतिदिन देवयज्ञ का अनुष्ठान करके एक आदर्श उपस्थित किया था। श्री दर्शन कुमार अग्निहोत्री जी का जन्म अविभाजित भारत के पाकिस्तान बने भाग में हुआ था। वहां उनके माता, पिता श्रीमती शान्ति देवी जी और श्री गणेशदास अग्निहोत्री जी ऋषिभक्त महात्मा प्रभु आश्रित जी के सम्पर्क आये थे। उनकी प्रेरणा एवं संगति से उन्होंने दैनिक यज्ञ को अपनाया था। दैनिक यज्ञ उनके जीवन का अनिवार्य कार्य होता था। उनके परिवार में यज्ञ की अग्नि कभी बुझी नहीं। सन् 1947 में देश का विभाजन होने पर वह अपने माता-पिता एवं संबंधियों सहित भारत आये थे। वह जिस विमान से पाकिस्तान से भारत आये थे उसमें यज्ञकुण्ड व यज्ञ की अग्नि भी साथ लाये थे। पाकिस्तान में वह अपनी समस्त भौतिक धन-सम्पत्ति छोड़कर आये और अपने साथ केवल यज्ञकुण्ड व यज्ञ अग्नि लेकर ही आये जिसे उन्होंने वर्तमान समय तक प्रदीप्त रखा है। यज्ञ अग्निहोत्र के प्रति ऐसी श्रद्धा का उदाहरण मिलना कठिन है। सन् 1947 के बाद भी एवं यज्ञ उनके परिवार में प्रातः व सायं दोनों समय होता रहा। उन्होंने अपने गृह पर यज्ञ की अग्नि को कभी बुझने नहीं दी। आर्यसमाज में ऐसा उदाहरण अन्य किसी गृहस्थ का हमें सुनने को नहीं मिलता। ऐसा होना तो वैदिक युग में ही सम्भव लगता है। अतः जीवन भर यशस्वी दर्शनकुमार अग्निहोत्री जी ने यज्ञ की अग्नि को जलाये रखकर धार्मिक एवं आध्यात्मिक जगत में एक महनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों समय यज्ञ करने के साथ आपने एक सफल व्यवसायी व फर्नीचर उद्योग का भी संचालन कर उसमें धन एवं नाम कमाया था और अपना अर्जित सभी धन यज्ञ, वेद प्रचार, गुरुकुलों की सहायता, विद्वानों को दक्षिणा, परोपकार के अनेकानेक कार्यों सहित आर्य संस्थाओं को प्रभूत दान आदि धर्म कार्यों में व्यय किया था। वैदिक साधन आश्रम तपोवन देहरादून तथा वैदिक भक्ति साधन आश्रम, रोहतक आपकी तपस्थलियां एवं स्मारक हैं जहां आपके मार्गदर्शन में वेद प्रचार एवं मानव निर्माण के अनेक कार्य हुए हैं तथा वर्तमान में भी ये दोनों संस्थायें उन्नति कर रही हैं। हम आशा करते हैं कि आगामी दीर्घ काल तक यह दोनों संस्थायें आपके मित्रों एवं सहयोगियों द्वारा पूर्ववत क्रियाशील रहेंगी और सामाजिक उन्नति के अपने दायित्वों को पूरा करती रहेंगी।

यशस्वी दर्शन कुमार अग्निहोत्री जी वैदिक साधन आश्रम तपोवन के प्रधान रहे। वह अपने माता, पिता के साथ सन् 1950 से बचपन व अपनी किशोरावस्था से ही इस आश्रम में आया करते थे और यहां रहकर विद्वानों व तपस्वी साधकों से प्रेरणायें व आशीर्वाद प्राप्त किया करते थे। आपके कुलगुरु व कुलपुरोहित महात्मा प्रभु आश्रित जी ने भी यहां रहकर तप किया था और योग की प्रमुख सिद्धि आत्म एवं ईश्वर साक्षात्कार को प्राप्त किया था जिसका उल्लेख उन्होंने स्वयं अपने एक पत्र में किया जो उन्होंने तपोवन आश्रम के एक सहसंस्थापक महात्मा आनन्द स्वामी जी को यहां रहकर साधना करने के बाद लिखा था। किसी व्यक्ति व परिवार को एक सद्गुरु का उपदेश, सत्संग, संगति व सान्निध्य मिलना सौभाग्य की बात होती है। अग्निहोत्री परिवार को यह लाभ महात्मा प्रभु आश्रित जी के सत्संग एवं सान्निध्य से सुलभ रहा। अग्निहोत्री जी ने अपने माता-पिता की परम्परा को अपने जीवन में जारी रखने के साथ उसे जारी रखा और बढ़ाया भी। वह अपनी धर्मपत्नी कीर्तिशेष माता सरोज अग्निहोत्री जी के साथ मिलकर महात्मा प्रभु आश्रित जी की आज्ञाओं व शिक्षाओं का जीवन भर पालन करते रहे। देहरादून में जो वृहद एवं सुन्दर सभागार भवन बनाया गया है उसका नाम भी महात्मा प्रभु आश्रित भवन ही रखा गया है। अग्निहोत्री जी सन् 2008 में वैदिक साधन आश्रम तपोवन देहरादून सोसायटी के प्रधान बने थे। आपके प्रधान बनने के बाद वैदिक साधन आश्रम तपोवन ने अपने उद्देश्यानुसर कार्य करते हुए उन्नति करने के साथ इस संस्था के यश एवं कीर्ति में उल्लेखनीय अभिवृद्धि की है।

वैदिक साधन आश्रम तपोवन में वर्ष में दो बार पांच दिवसीय शरदुत्सव एवं ग्रीष्मोत्सव आयोजित किये जाते रहे हैं। आर्यसमाज के उच्च कोटि के विद्वान एवं भजनोपदेशक इन उत्सवों में पधारते रहे हैं। इस अवसर पर किसी एक वेद से वेद पारायण यज्ञ भी आयोजित किया जाता था। आश्रम के उत्सवों पर अनेक कुण्डों में यज्ञ किये जाते थे। हमें भी सन् 1975 से कुछ वर्ष पूर्व से ही यहां जाने व उत्सवों में भाग लेने का अवसर मिला है। हमने आश्रम के जो कार्य लगभग 4050 वर्ष यहां देखे हैं वही सब कार्य भी वर्तमान में यहां होते रहे हैं। अग्निहोत्री जी के कार्यकल में आश्रम ने प्रशंसनीय उन्नति की थी। यहां आश्रम का नया सभागार एवं कार्यालय बनाया गया था। एक वृहद चिकित्सालय भवन भी बनाया गया है। अग्निहोत्री जी के दान से यहां अनेक कुटियायें बनी हैं और सभागार सहित पुरानी यज्ञशाला के जीर्णोद्धार एवं अन्य भव्य भवनों में भी आपका मार्गदर्शन एवं प्रभूत आर्थिक सहयोग रहा है। आश्रम की प्रमुख इकाई की ही भांति पर्वतीय इकाई तपोभूमि में भी वृहद एवं भव्य यज्ञशाला सहित एक सभागार एवं अनेक कुटियों का निर्माण हुआ है। यह स्थान महात्मा आनन्द स्वामी जी सहित अनेक प्रसिद्ध योगियों की साधना वा उपासना स्थली रहा है। आश्रम की इस ईकाई में यह सब कार्य जहां अग्निहोत्री जी की प्रेरणा से सम्पन्न हुए वहीं इसमें आश्रम के मंत्री श्री प्रेमप्रकाश शर्मा जी का भी महान तप एवं पुरुषार्थ लगा है। स्वामी चित्तेश्वरानन्द सरस्वती जी और आचार्य आशीष दर्शनाचार्य जी भी तपोवन आश्रम की शोभा व प्राण रहे हैं। स्वामी चित्तेश्वरानन्द जी ने आश्रम का अर्थदान सहित अपने तप, वेद पारायण यज्ञों सहित उपदेशों आदि से पोषण किया है। उनके द्वारा यहां प्रतिवर्ष चतुर्वेद पारायण यज्ञ कराये जाते रहे हैं। आचार्य आशीष जी भी समय समय पर वर्ष में कई बार यहां युवकों के लिए चरित्र निर्माण एवं जीवन निर्माण के शिविर लगाते रहे हैं।

हमने इन सब विद्वानों को इस आश्रम में देखा व इनके उपदेशों को सुना है। यह हमारा सौभाग्य रहा है। इन सब प्रमुख महानुभावों के सत्प्रयासों से, वर्तमान की विषम परिस्थितियों में, आश्रम निरन्तर उन्नति करता आ रहा है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में आश्रम पूर्व की ही भांति उन्नति करता रहेगा और इस आश्रम में अग्निहोत्री जी की स्मृति सदा बनी रहेगी। हम इस बात से भी अवगत है कि अग्निहोत्री जी जब दिल्ली से आश्रम आते थे तो यहां आश्रम द्वारा संचालित तपोवन विद्या निकेतन की शिक्षिकाओं के लिये साड़ियां आदि सामान लाया करते थे और उन्हें अपनी ओर से भी कुछ धनराशि आदि का सहयोग करते थे। पढ़ाई में अग्रणीय व निर्धन तपोवन विद्या निकेतन के बच्चों को छात्रवृत्तियां व प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि से भी सम्मानित करते थे। उत्सवों के अवसरों पर आश्रम में पधारे सभी विद्वानों व भजनोपदेशकों आदि का प्रातराश आपकी ही कुटियां वा निवास में होता है। अनेक अवसरों पर हम भी इसमें सम्मिलित हुए हैं। हमें आगरा के एक विद्वान श्री उमेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ जी, जो प्रायः प्रत्येक उत्सव में यहां आते रहे हैं, बताया कि प्रातराश कराने के अतिरिक्त अग्निहोत्री जी अपनी ओर से विद्वानों को दक्षिणा भी प्रदान किया करते थे। आपने एक ह्यअग्निहोत्री धर्मार्थ न्यासह्न बनाया हुआ था जिसकी ओर से तपोवन में आयोजित उत्सवों में आर्यजगत के विद्वानों व उत्तम सेवा कार्य कार्य करने वाले विद्वानों आदि को ग्यारह हजार रुपये की धनराशि एवं शाल तथा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया जाता था। एक बार वर्ष 2018 में एक साथ अनेक विद्वानों का सम्मान किया गया था जिसमें से एक विद्वान उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध वयोवृद्ध वैदिक विद्वान डा. जयदत्त उप्रेती जी थे। कई वर्ष पूर्व हमारा भी सम्मान किया गया था जिसके लिए हम अग्निहोत्री जी व उनके न्यास के सदैव ऋणी है। महात्माओं वाले अनेक गुणों से युक्त अग्निहोत्री जी को हम श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। ईश्वर उनको उत्तम गति प्रदान करेंगे, इसका हमें पूर्ण विश्वास है।

अग्निहोत्री जी आर्यजगत की अनेक संस्थाओं का पोषण करते थे। इन संस्थाओं में एक संस्था वैदिक भक्ति साधन आश्रम, सुन्दरपुर, रोहतक भी है। इस संस्था की सभी गतिविधियों में अग्निहोत्री जी का प्रमुख योगदान होता था और आर्थिक दृष्टि से भी आप इसमें प्रभूत सहयोग करते थे। पूर्व के वर्षो में आप इसके प्रधान भी रहे। आपने यहां से महात्मा प्रभु आश्रित जी के प्रायः सभी ग्रन्थों का भव्य प्रकाशन कराया। वर्तमान समय में महात्मा प्रभु आश्रित जी के लगभग सभी ग्रन्थ यहां से सुलभ होते हैं जिसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है। हम आशा करते हैं कि यह आश्रम निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगा और यहां पर अग्निहोत्री जी के जन्म दिवस पर विशेष यज्ञ यथा वेद पारायण यज्ञ आदि करके एक संक्षिप्त उत्सव किया जाया करेगा जिसमें आश्रम प्रेमी व वैदिक धर्मी लोग भाग लेकर अग्निहोत्री जी व उनकी धर्मपत्नी माता श्रीमती सरोज अग्निहोत्री (मृत्यु दिनांक 24-11-2018) को इस आश्रम की उन्नति में किये गये उनके योगदान को स्मरण कर उनसे प्रेरणा ग्रहण करने सहित उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया करेंगे।

हमने अनेक अवसरों पर श्री दर्शन कुमार अग्निहोत्री जी को वैदिक साधन आश्रम तपोवन में यज्ञ में सपत्नीक यजमान के आसन पर बैठकर श्रद्धापूर्वक यज्ञ करते देखा है। एक अवसर पर गुरुकुल पौंधा-देहरादून में भी चारों वेदों के शतकों से यज्ञ कराया था। उसका मनोरम दृश्य भी हमारी आंखों में उपस्थित हो रहा है। गुरुकुलों का उन्होंने पूरी सामर्थ्य से पोषण किया। वैदिक मान्यता है कि हम अपने वर्तमान जन्म में वेद विद्या के प्रचार प्रसार व सुपात्रों को जो दान देते हैं वह हमें परजन्म में प्राप्त होता है। अग्निहोत्री जी व उनके परिवार ने जीवन भर यज्ञों के आयोजन तथा दान आदि पुण्य कार्यों से वेद व आर्य संस्थाओं सहित गुरुकुलों का जो पोषण किया है उससे वह निश्चय ही परलोक में उत्तम गति के अधिकारी बने हैं। अग्निहोत्री जी का देहावसान दिनांक 16 मई, 2021 की प्रातः 2.00 बजे नोएडा-दिल्ली के कैलाश अस्पताल में कोरोना रोग से हुआ। उनकी आयु 78 वर्ष की थी। हम अग्निहोत्री जी की आत्मा की उत्तम गति व सुख शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। हमने अपने एक पूर्व लेख में अग्निहोत्री जी से संबंधित कुछ पंक्तियां लिखीं थी। उसे यहां प्रस्तुत कर लेख को विराम देते हैं।

महात्मा प्रभु आश्रित जी के जीवन व व्यक्तित्व के बारे में हमारे एक मित्र स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश जी, देहरादून हमें बताया करते थे कि एक दम्पत्ति श्री गणेश दास कुकरेजा और उनकी देवी श्रीमति शान्ति देवी महात्मा जी पाकिस्तान में महात्मा जी के सम्पर्क में आये व उनके भक्त वा शिष्य बने। महात्मा जी द्वारा दैनिक यज्ञ की प्रेरणा किए जाने पर उन्होंने कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि हम यज्ञ की सामग्री आदि पदार्थ खरीद सकें। महात्मा जी ने प्रेरणा की कि आप प्रयास करें, प्रभु सब प्रबन्ध कर देंगें। श्री गणेश दास जी ने प्रयास किया और लाहौर में 13 जनवरी, 1939 से दैनिक यज्ञ करना आरम्भ कर दिया। इसके बाद आप मृत्युपर्यन्त यज्ञ करते रहे जिसका निर्वहन उनके सुयोग्य पुत्र श्री दर्शनलाल अग्निहोत्री जीवनपर्यन्त करते रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि आपके यहां 13 जनवरी, 1939 मकर संक्रान्ति के दिन यज्ञ की जो अग्नि महात्मा जी की प्रेरणा से प्रज्जवलित हुई थी वह श्रद्धेय दर्शनकुमार अग्निहात्री जी सम्पूर्ण जीवनकाल पर्यन्त निरन्तर प्रज्जवलित रही। आपके परिवार ने उसे बुझने नहीं दिया। श्री गणेश दास कुकरेजा आर्यसमाज में श्री गणेशदास अग्निहोत्री के नाम से प्रसिद्ध हुए। आपने सभी धार्मिक संस्थाओं को दिल खोलकर दान किया। यह मुख्य बात बताना भी उपयोगी होगा कि जब श्री गणेशदास जी ने यज्ञ आरम्भ किया तो आपके पास यज्ञ करने के लिए धन नहीं था। कुछ ही समय बाद आप फर्नीचर के उद्योग से जुड़कर उद्योगपति बने और अथार्भाव हमेशा के लिए दूर हो गया। आर्यजगत के विद्वान आचार्य उमेशचन्द कुलश्रेष्ठ कहते हैं कि यज्ञ करने वाला अभावों से मुक्त तथा आर्थिक रूप से समृद्ध होता है और उसकी वंशवृद्धि चलती रहती है, उसका वंशच्छेद नहीं होता। एक वार्तालाप में श्री दर्शनकुमार अग्निहोत्री जी ने हमें बताया कि अगस्त 1947 में पाकिस्तान बनने पर वहां से लोग अपनी बहुमूल्य वस्तुएं लेकर आये थे परन्तु हमारे माता-पिता सब कुछ वहीं छोड़कर केवल यज्ञकुण्ड व उसकी अग्नि को सुरक्षित भारत लाये थे जो अग्निहोत्री जी के अन्तिम समय तक दिल्ली में उनके निवास स्थान पर प्रज्जवलित रही। हमें लगता है कि श्री गणेशदास अग्निहोत्री जी तथा उनके पुत्र स्व. दर्शन कुमार अग्निहोत्री जी ने जो आत्मिक एवं भौतिक उन्नति की उसमें उनके यज्ञमय जीवन एवं पुरुषार्थ का ही प्रमुख योगदान था।

-मनमोहन कुमार आर्य



विश्व को दिशा दी वेदों और भारत की कालगणना ने : डॉ. अशोक आर्य

आर्यसमाज अमरोहा के तत्वावधान में आर्यसमाज स्थापना दिवस और नवसंवत्सर उत्सव आयोजित

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

अमरोहा। आर्य विद्वान और केपी पीजी कॉलेज कासगंज के प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि वेदों और भारत की कालगणना ने विश्व को दिशा दी।

यह विचार उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि 9 अप्रैल को आर्यसमाज अमरोहा के तत्वावधान में धूमधाम से आयोजित आर्यसमाज स्थापना दिवस और नवसंवत्सर उत्सव में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की कालगणना सदियों पुरानी है जबकि अंग्रेजी काल गणना 2024 वर्ष में है। उन्होंने कालगणना का विस्तार से विवेचन प्रस्तुत करते हुए अंग्रेजी महीनों के नाम पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से साक्षात्कार कराया।

नारी हर कदम पर किस तरह पूजनीय

आर्य समाज के विरजानंद सभागार में उत्सव का शुभारंभ समाजसेवी अनिल जग्गा ने भजन से किया। इस अवसर पर आर्य समाज की जिला इकाई के जिला मंत्री विनय त्यागी ने नवरात्रों पर दुर्गा के नौ स्वरूपों की व्याख्या की। उन्होंने एक बालिका के दादी मां बनने तक के सफर को समझाते हुए बताया कि नारी हर कदम पर किस तरह पूजनीय है।

शत-प्रतिशत मतदान की अपील

ऊषा आर्य व प्रवीण आर्य ने महर्षि दयानंद के योगदान पर चर्चा की। डॉ.बीना रुस्तगी, यशवंत सिंह, मधु रस्तोगी व सुमन अरोरा ने भजन प्रस्तुत किए। संयोजक हेतराम सागर ने महर्षि दयानंद के सिद्धांतों के अंगीकार करने पर बल दिया। सह संयोजक/स्वीप समिति जिला प्रशासन अमरोहा के सदस्य डॉ. दीपक अग्रवाल ने सभी से 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।

स्त्री आर्य समाज की प्रधान श्रीमती अंजु आर्या ने रामनगर विहार कार्यक्रम में सराहनीय योगदान के लिए सुरेश विरमानी व निर्मल विरमानी और अश्वनी खुराना व मधु खुराना को सम्मानित किया। इससे पूर्व आर्य समाज की यज्ञशाला में विश्वकल्याण और सभी की खुशहाली के लिए पुरोहित आचार्य सोमेश शास्त्री से यज्ञ संपन्न कराया। यजमान प्रवीण आर्य व लीना आर्या, सुभाष दुआ व संतोष दुआ, विनय त्यागी व कमलेश त्यागी, तेजपाल आर्य व आशा आर्या रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री नत्थू सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोहर लाल खुराना समेत बड़ी संख्या में आर्यजन मौजूद रहे।

"नववर्ष पर हमारे संकल्प" विषय पर गोष्ठी संपन्न

- नववर्ष किसी जाति, धर्म या देश का नहीं है -आचार्या श्रुति सेतिया
- आर्य समाज सुधारवादी आंदोलन है -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

नई दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "नववर्ष पर हमारे संकल्प " विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 632 वां वेबिनार था।

वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी संस्कृति वा सभ्यता का स्वर्णिम दिन है।यह भारतीय गरिमा में निहित अध्यात्म वा विज्ञान पर गर्व करने का अवसर है।जिस भारत भूमि पर हमारा जन्म हुआ, जहां हम रहते हैं जिससे हम जुड़े हैं उसके प्रति हमारे अंदर अपनत्व वा गर्व का भाव होना चाहिए।यह उत्सव चैत्र शुक्ल प्रथमा को मनाया जाता है।

नववर्ष किसी जाति, वर्ग, देश संप्रदाय का नहीं है, अपितु यह मानव मात्र का नववर्ष है। यह संवत मानव संवत है।हम सबको एक परमात्मा की संतान समझकर मानव मात्र से प्रेम करना सीखें।ऊंच नीच की भावना, भाषावाद, संकीर्णता आदि को पाप मानकर प्राणिमात्र के प्रति मैत्री भाव जगाए।आज वेद संवत है।हम सब अनेक मत पंथों से निकलकर सम्पूर्ण भूमंडल पर एक वेद धर्म को अपनाकर प्रभु कार्य के ही पथिक बनें।

मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के विजय दिवस पर उस महापुरुष की स्मृति में उनके आदर्शों को अपनाकर ईश्वरभक्त, वेदभक्त, आर्य संस्कृति के रक्षक, गुरुभक्त, दुष्ट संहारक वीर, साहसी, आर्य पुरुष वा प्राणी मात्र के प्रिय बने।

आज राष्ट्रीय संवत पर महाराज युधिष्ठिर, विक्रमादित्य आदि की स्मृति पर अपने प्यारे आर्यवृत्त भारत देश की एकता अखंडता एवम् समृद्धि की रक्षा का व्रत लें। ईमानदारी, प्राचीन सांस्कृतिक गौरव, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति, कर्तव्य वा वीरता का संचार करें। आर्य समाज स्थापना दिवस होने के कारण कृणवंतो विश्वमार्यम वेद के आदेशानुसार सच्चे अर्थों में आर्य बनें एवम् संसार को आर्य बनाएं।संध्या करें, घर पर ओ३म् पताका फहराएं।यज्ञ करें, बालकों को नव संवत्सर का महत्व बताएं। शोभा यात्रा निकालें, लोगों को जागरूक करें।वेद वा संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि भारतीय नववर्ष मनाकर हमें इस पर गर्व करना चाहिए।आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस भी है यह एक सुधार वादी आंदोलन है जो आने वाले पाखण्ड अंधविश्वास के प्रति जागरूक करता रहता है। अध्यक्ष आर्य नेत्री रजनी चुघ ने भी अपनी संस्कृति को आत्मसात करने पर बल दिया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने गीत गाकर बधाई दी। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, ईश्वर देवी, कमला हंस, ललिता धवन, अनिता रेलन, सुनीता अरोड़ा, कुसुम भंडारी, शोभा बत्रा आदि के मधुर भजन हुए।

ओ३म्
महर्षि दयानन्द की 200वीं जयन्ती पर अमरीका चलो
आर्य प्रतिनिधि सभा, अमरीका अमरीका चलो
द्वारा आयोजित भव्यातिभव्य
अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन
न्यूयार्क, दिनांक 18-19-20-21 जुलाई 2024
सम्माननीय भाईयों और बहिनो!
भारत के सैकड़ों आर्यजन इस अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में भाग लेने पहुँच रहे हैं। आप भी अपना रजिस्ट्रेशन शीघ्र ही करायें। इस अवसर पर जो यात्री अमरीका घूमना फिरना चाहते हैं उनके लिये दो प्रकार की यात्राओं का आयोजन किया गया है। ध्यान रहे कि अन्य देशों की अपेक्षा अमरीका की यात्रा महंगी रहती है क्योंकि केवल एअर टिकिट का मूल्य ही लगभग एक लाख पच्चीस हजार चल रहा है।
प्रथम टूर - 5 रात्रि 6 दिन, व्यय-राशि 2,35,000/- रुपये
17 जुलाई से 23 जुलाई (दिल्ली-अमरीका-दिल्ली)
3 रात्रि आर्य महासम्मेलन, 2 रात्रि न्यूयार्क
इस राशि में निम्नलिखित खर्च शामिल हैं
हवाई जहाज की अन्तर्राष्ट्रीय टिकिट (अनुमानित मूल्य 1,25,000/-) सभी स्थानों पर आने जाने की वाहन व्यवस्था, इन्श्योरेन्स (60 की उम्र तक), नाश्ता, दोनों समय का भोजन, होटल व्यय, सभी स्थानों के प्रवेश टिकिट, मिनरल वाटर, टिप्स आदि) GST 5%, TCS 5%
द्वितीय टूर - 7 रात्रि 8 दिन, व्यय-राशि 2,75,000/- रुपये
15 जुलाई से 23 जुलाई (दिल्ली-अमरीका-दिल्ली)
2 रात्रि नियाग्रा, 3 रात्रि आर्य महासम्मेलन, 2 रात्रि न्यूयार्क
इस राशि में निम्न लिखित खर्च शामिल हैं
हवाई जहाज की अन्तर्राष्ट्रीय टिकिट (अनुमानित मूल्य 1,25,000/-) सभी स्थानों पर आने जाने की वाहन व्यवस्था, इन्स्योरेन्स (60 की उम्र तक), नाश्ता, दोनों समय का भोजन, होटल व्यय, सभी स्थानों के प्रवेश टिकिट, मिनरल वाटर, टिप्स आदि) GST 5%, TCS 5%
उक्त यात्रा में जाने वाले सभी इच्छुक यात्रीगण शीघ्र ही 50,000/- (पचास हजार) का बैंक ड्राफ्ट Thomas Cook (India) Ltd. के नाम का बनवाकर निम्नलिखित पते पर भेजें।
न्यूयार्क आर्य महासम्मेलन समिति, 15 हनुमान रोड, नई दिल्ली-110001
टूर रजिस्ट्रेशन के लिये तथा यू.एस. वीजा के लिये कृपया
श्री संदीप आर्य से मो.नं. 9650183339 पर सम्पर्क करें
कृपया नोट करें: जो यात्री वीजा मिलने के बाद भी यदि टूर में नहीं जायेंगे उनकी 50,000/- की एडवांस राशि वापस नहीं होगी। एडवांस राशि केवल उन्हीं की वापस होगी जिन्हें यू.एस. वीजा नहीं मिलेगा।

एमिटी में लगेगा आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर

संस्कारित युवा ही राष्ट्र का भविष्य -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

नोएडा। आर्य समाज अरुण विहार सेक्टर 29 व आर्य समाज, सेक्टर 33 नोएडा में सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि संस्कारित युवा ही राष्ट्र का उज्जवल भविष्य हैक आज युवाओ में देश भक्ति की भावना भरने की आवश्यकता है साथ ही वह माता पिता के आज्ञाकारी और ईश्वर भक्त भी बने, इसलिए आगामी ग्रीष्म कालीन अवकाश में "विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर" शनिवार, 1 जून से रविवार, 9 जून 2024 तक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में शिक्षाविद डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि कक्षा 6 से 12 वीं तक के 250 युवक शिविर में लिये जायेंगे।शिविर संरक्षक आनंद चौहान ने कहा कि प्रतिदिन उच्च कोटि के वैदिक विद्वान बौधिक प्रदान करेंगे जिससे वह अपनी पुरातन वैदिक संस्कृति से परिचित हो सकेंक राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि युवको को योगासन, दण्ड बैठक, लाठी, स्तूप, बाक्सिंग, लेजियम, जूडो कराटे आदि आत्म रक्षा शिक्षण दिया जाएगा। अमर बलिदानी महाशय राजपाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनिल आर्य ने उन्हें आंतकवाद का प्रथम शिकार बताया। सभा का संचालन मेजर जनरल मुक्ति कांत महापात्र व गायत्री मीना ने किया। प्रमुख रूप से कैप्टन अशोक गुलाटी, मेजर जनरल आर के एस भाटिया, कर्नल अमरीश त्यागी, राम लुभाया महाजन, अजेंन्द्र शास्त्री, अवधेश प्रताप सिंह, रोहित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

संस्कारों के साथ चलें!!
यज्ञ-हवन, गायत्री जाप, महामृत्युंजय जाप, सत्यनारायण कथा, जन्म दिवस, गृह प्रवेश वर्षगांठ, नामकरण संस्कार, अंत्येष्टि संस्कार, शांति यज्ञ, मकान, दुकान, फ्लैट, शोरूम, व्यापार वृद्धि यज्ञ, योग, प्रवचन, लगन सगाई एवं विवाह संस्कार व समस्त संस्कारों को पूर्णता वैदिक पद्धति द्वारा करवाने हेतु संपर्क करें
अपने या अपने बच्चों के जन्मदिवस और विवाह वर्षगांठ पर वेदकथा
निःशुल्क करायें
पंडित दीपक शास्त्री
दिल्ली एनसीआर नोएडा

यज्ञोपवीत संस्कार कराने बांग्लादेश जायेंगे आचार्य आनंद पुरुषार्थी

20 अप्रैल से 19 मई 2024 तक राजधानी ढाका सहित 8 नगरों में होंगे यज्ञोपदेश

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश)। आर्यसमाज की संस्था बांग्लादेश अग्निवीर के निमंत्रण पर नर्मदापुरम मध्यप्रदेश के वैदिक प्रवक्ता अपनी 18 वी विदेश यात्रा पर एक माह के लिए 19 अप्रैल 2024 को दोपहर 12:15 बजे इंडिगो की फ्लाईट से इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली से ढाका रवाना होंगे` 19 मई तक लगभग 30 दिन आपका बांग्लादेश में प्रवास रहेगा ।बारिसल, रंगपुर, दिनाजपुर, चट्टगांव, ठाकुरगांव और पंचगढ़ जिलो मे उपनयन संस्कार है तथा गोपालगंज मे वैदिक मंदिर और पुस्तकालय उद्घाटन का कार्यक्रम हैं। इसके अतिरिक्त राजधानी ढाका मे महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य मे उपनयन संस्कार का बृहद् कार्यक्रम आयोजित है । जिसमे दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। ध्यातव्य है आर्य समाज के वैदिक प्रवक्ता आनंद पुरुषार्थी अभी तक दुबई, मारीशस, होलेन्ड, सूरीनाम, फिजी , इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका , बर्मा , थाईलेंड, व संयुक्त राज्य अमेरिका आदि देशो में जाकर वैदिक धर्म व आर्यसमाज का प्रचार कर चुके है।

आर्य समाज ने बांधे पक्षियों के लिए परिंडे

– शहर के कई पार्कों में बांधे जाएंगे परिंडे

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

कोटा. आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के महामंत्री अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की तलाश में भटकते प्यासे पक्षियों के लिए आर्य समाज कोटा द्वारा हर वर्ष की भांति परिंडे बांटो- बांधों अभियान का प्रारंभ मंगलवार को संभागीय प्रधान अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व मे किया गया। संभागीय मंत्री लाल चन्द आर्य ने बताया कि आर्य समाज के प्रतिनिधियों, अरविन्द पाण्डेय, राधावल्लभ राठौर, किशन आर्य हरियाणा, नरेन्द्र शर्मा, संगीता आर्य, विमलेश आर्य, डॉ.अल्का गुप्ता, आशा यादव, प्रमीला गुप्ता, आदि अन्य ने अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व मे रंगबाडी बालाजी मन्दिर पार्क क्षेत्र में मंत्रोचार के साथ मिट्टी के परिंडे बांधे। राधावल्लभ राठौर ने बताया कि आर्य समाज द्वारा शहर के अलग-अगल पार्कों में भी परिंडे बांधे जाएगे।

संकल्प करते हैं राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करेंगे : आचार्य संजीव रूप

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

बिल्सी। तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी में स्थित आर्य समाज मंदिर में विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। यजुर्वेद के मंत्रों से आहुतियां दी गई तथा राष्ट्र कल्याण की कामना की गई। अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ करते हुए यजमानों को एक संकल्प कराया कि राष्ट्र हित में शत प्रतिशत मतदान अवश्य करेंगे ।आचार्य संजीव रूप ने कहा राष्ट्र प्रथम होता है। राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं होता क्योंकि राष्ट्र से ही हम हैं, हमारे संस्कार हैं, हमारी संस्कृति हैं। प्रश्रय आर्य ने सुंदर भजन सुनते हुए कहा मर्यादित व्यक्ति ही सच्चा राष्ट्रभक्त होता है कुमारी तृप्ति आर्य शास्त्री भावना आर्य एवं मोना आर्य ने वेद पाठ किया। कार्यक्रम राकेश, संतोष कुमारी, सुखवीर सिंह बद्री प्रसाद आर्य, कुमारी ईशा आर्य आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार में योग साधना शिविर संपन्न

अहंकार को त्याग कर ओंकार से जुडें–आचार्य अखिलेश्वर भारद्वाज

जातिवाद राष्ट्रीय एकता में बाधक है -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

हरिद्वार। वैदिक योग आश्रम, आनंदधाम हरिपुर कलां, हरिद्वार में गत एक सप्ताह से चल रहे "योग साधना शिविर का भव्य समापन हो गया। शिविर में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब आदि से लगभग 90 साधकों ने भाग लिया ।

वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी ने कहा कि मनुष्य को अहंकार को छोडकर "ओंकार" से जुड़ना चाहिए।मनुष्य को जो मिला है वह ईश्वर से मिला है फिर मानव मैं का अहंकार क्यों पाल लेता है।हमें अपना कार्य ईश्वर को समर्पित करके करना चाहिये। उन्होंने कहा की पतंजलि योग दर्शन के यम और नियम से व्यक्तिगत एवं राष्ट्र की उन्नति संभव है चारों वेदों में योग विषयक मंत्र हैं।पतंजलि महाराज ने ईश्वर सानिध्य एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए अष्टांग योग का विवेचन किया है।यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान समाधि य? आठ अंग हैं।महर्षि पतंजलि प्रतिपादित यम और नियम साधक की मनोदशा को उन्नत बनाते हैं।अविद्या का नाश होता है।ज्ञान का प्रकाश होता है।जीवन सतोगुण प्रधान हो जाता है।उनके अनुसार अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यह पांच यम हैं।शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधान ये 5 नियम हैं।इस मार्ग पर चलकर ईश्वर साक्षात्कार एवं मोक्ष प्राप्ति संभव है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि योग शिविर आत्मिक उन्नति का उत्तम साधन है मनुष्य शांत भाव से स्वयं को समझ पाता है कि वह संसार में क्यों आया है और क्या करना है?आत्मावलोकन स्वयं को सुधारने की सुन्दर पहल है।साथ ही उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रवादी शक्तियों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना राष्ट्रीय एकता में बाधक है इससे राष्ट्र कमजोर होगा कलोगों को जातिवाद प्रांतवाद के नाम पर बांटना घातक सिद्ध होगा। आचार्य देव आर्य ने मधुर भजन सुनाए। आश्रम के संरक्षक संजीव रैली एडवोकेट ने सभी की सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रमुख रूप से शिव नारायण ग्रोवर इंदिरा पुरम, सतीश ग्रोवर, कमलेश साहनी, मनीष नारंग, प्रवीण आर्य पिंकी, आस्था आर्य, पाला राम आर्य, मीना आर्य, विजय हंस, अर्जुन दास बत्रा आदि उपस्थित थे।

ओ३म्

विनम्र श्रद्धाञ्जलि

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च। (गीता- 2.27)

जो जन्मा है उसकी मृत्यु निश्चित है और जो मृत्यु को प्राप्त हो गया उसका जन्म भी निश्चित है।

कन्या गुरुकुल चोटीपुरा के सह संस्थापक एवं आचार्या सुमेधा जी के ज्येष्ठ भ्राता गुरुकुल संस्कृति के संपोषक, आर्यव्रती पूज्यश्री चेतनस्वरूप जी आर्य (79 वर्ष) के 9-4-2024 (मंगलवार) रात्रि 9:30 बजे आकस्मिक निधन पर

शान्ति यज्ञ एवं श्रद्धाञ्जलि कार्यक्रम दिनांक 17-04-2024 (बुधवार)

- शान्ति यज्ञ - प्रात: 10:00 बजे
- श्रद्धाञ्जलि सभा - मध्याह्न 12:00 बजे
- प्रसाद ग्रहण - अपराह्न 1:30 बजे

गुरुकुल समिति

आचार्या डॉ. सुमेधा (मुख्याधिष्ठात्री)
राकेश जैन (अध्यक्ष)
अशोक कुमार सिंह (उपाध्यक्ष)
सुशील कुमार अग्रवाल (मंत्री)

शोकाकुल परिवार

वेद व्रत आर्य, डॉ. ज्योति (ज्येष्ठ पुत्र एवं पुत्रवधू)
आयुषी, अनन्या (पौत्री) Mob. 9810769186
संजीव कुमार, प्रवेश (कनिष्ठ पुत्र एवं पुत्रवधू) Mob. 9897630963
सुधा, वीरेन्द्र (पुत्री एवं दामाद) ऋतिका, रमन (दौहित्री, दौहित्र)
सविता, डॉ. नरेन्द्र (पुत्री एवं दामाद) वागीशा, दर्श (दौहित्री, दौहित्र)
आलोक, अदिति (पौत्र एवं पौत्रवधू) राघवी (प्रपौत्री)
अभिषेक, शिवानी (पौत्र एवं पौत्रवधू) धृति (प्रपौत्री)
प्रेरणा, विजय (पौत्री एवं दामाद)
आर्याशी, अथर्व (दौहित्री, दौहित्र)



कार्यक्रम स्थल

निज निवास, कन्या गुरुकुल चोटीपुरा
पो. रजबपुर, जनपद अमरोहा

वेद वाणी

(उपहूतो द्यौष्पितोप मां द्यौष्पिता यतामग्निराग्नीघ्नात् स्वाहा! देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोबार्हुभ्यां पूर्ण हस्ताभ्याम्! प्रतिगृह्णाम्यग्नेष्ट्वास्येन प्राश्नामि!) यजु- २-११

स्वस्थ मस्तिष्क वाला व्यक्ति प्रत्येक पदार्थ का प्रयोग प्रभु के आदेशानुसार करता है, प्रयत्न पूर्वक अर्जित पदार्थ का सेवन करने की कामना करता है और वह यज्ञ शेष खाने वाला बनता है!

व्याख्या पिछले मन्त्र में पृथिवी माता के उपाह्वान के साथ समाप्त हुआ था प्रस्तुत मंत्र द्यौष्पिता के आह्वान से आरम्भ होता है! मेरे द्वारा पितृस्थानीय द्युलोक समीप पुकारा जाता है! यह द्युलोक भी मुझे अपने समीप पुकारे!

अध्यात्म में यह द्युलोक मस्तिष्क ही है, मेरा मस्तिष्क सदा स्वस्थ हो! मेरी बुद्धि मुझमें ही रहे! सूर्य रुप अग्नि के आधार स्थान इस द्युलोक में सूर्य के समान ज्ञान का प्रकाश मुझमें सुहुत हो! मेरे ज्ञान का प्रकाश सूर्य के प्रकाश के समान चमकने वाला हो!

२- स्वस्थ मस्तिष्क वाला बनकर मै त्वा सवितुः देवस्य प्रसवे प्रतिगृह्णामि

प्रत्येक पदार्थ को उस उत्पादक देव की अनुज्ञा में ग्रहण करूँ! प्रभु की आज्ञानुसार प्रत्येक पदार्थ का नाप तौल कर सेवन करूँ! मेरा प्रयोग मात्रा में हो जिससे ये पदार्थ मेरी बल बुद्धि का कारण बनें!

३- अश्विनोबार्हुभ्याम् मै प्रत्येक पदार्थ का प्राणायाम के प्रयत्न से लूं! बिना प्रयत्न से प्राप्त पदार्थ मेरे ह्रास का कारण बनेगा!

४- पूष्णो हस्ताभ्याम् मै प्रत्येक पदार्थ को पूषा के हाथों से ही लूं अर्थात पोषण के दृष्टिकोण से ही उसका प्रयोग करूँ! स्वाद या सौन्दर्य मेरे मापक न हो! उपयोगिता ही मेरी कसौटी हो!

५ - अन्तिम बात यह है कि त्वा अग्नेः आस्येन प्राश्नामि तूझे अग्नि के मुख से खाता हूँ पहले तूझे अग्नि को खिलाता हूँ फिर अवशिष्ट का ही ग्रहण करता हूँ! अर्थात मै यज्ञ शेष का ही ग्रहण करता हूँ! मन्त्र का भाव है कि-संसार के प्रत्येक पदार्थ का प्रयोग हम प्रभु के आदेशानुसार करें! हम यज्ञ शेष ही का सेवन करें

सुमन भल्ला

अप्रैल मास के द्वितिय रविवार को साप्ताहिक यज्ञ सत्संग कार्यक्रम आयोजित

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

जिला- हिसार (हरियाणा)। अप्रैल मास के द्वितिय रविवार को साप्ताहिक यज्ञ सत्संग कार्यक्रम में चि० आयुष आर्या ने यज्ञमान के आसन को सुशोभित किया व चि० निलेश आर्य व सीताराम आर्य ने पूर्ण वैदिक रीति से ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ व बलिवैश्वदेव यज्ञ सम्पन्न करवाया । सबने मिलकर यज्ञ प्रार्थना व आर्य समाज के नियम पाठ के बाद दो भजन १)" रचाया सृष्टि को जिस प्रभु ने ....." व "प्रभु सारी दूनियां से उंची तेरी शान है....." गाए । आदरणीया बहन आचार्या सुकामा जी ने कार्यक्रम की शोभा बढाई । सीताराम आर्य ने "ईश्वर का नाम और उसका अता-पता" का स्वाध्याय किया । कार्यक्रम समापन उपरान्त सबने यज्ञशेष का आनन्द लिया ।

एक शानदार जीवन यात्रा

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

हिसार। शेरे पंजाब लाला लाजपत राय द्वारा संस्थापित आर्य समाज नागोरी गेट, हिसार के सर्वाधिक लम्बे समय प्रधान रहे व हरियाणा सरकार में मन्त्री रहे ऋषि पथ के अनुगामी स्वनाम धन्य चौ० हरिसिंह सैनी अपनी जीवन यात्रा की शानदार पारी पूरी करके अनेकानेक स्मृतियों के साथ अपना भौतिक शरीर छोड़ कर हमसे जुदा हो गए । उनकी अन्त्येष्टि सार्वदेशिक सभा के प्रधान पूज्य स्वामी आर्यवेश जी महाराज के मार्ग निर्देशन में आचार्य डा० प्रमोद योगार्थी, आचार्य पं० कर्मवीर शास्त्री व दयानन्द ब्राह्म महाविद्यालय के छात्रों ने ऋषिनगर शमशान भूमि में वेद मन्त्रोच्चारण के साथ हजारों नगर वासियों की उपस्थिति में पूर्ण वैदिक रीति से सम्पन्न करवाई । ?स्वामी आर्यवेश जी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए नगरवासियों की ओर से प्रार्थना करवाई ।

प्रथम पुण्य तिथि पर यज्ञ का आयोजन

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

हिसार। श्री पृथ्वीसिंह जाखड़, गांव- आर्यनगर, जिला- हिसार (हरियाणा) के घर पर उनकी धर्मपत्नी स्व० श्रीमती धापादेवी की प्रथम पून्य तिथि पर यज्ञ करवाते हुए श्री सीताराम आर्य यज्ञमान पुत्र एवं पुत्रवधु श्री धर्मवीर/ श्रीमती कविता देवी । इस अवसर पर सब परिवारजनों ने मिलकर एक भजन "ईश्वर तुम ही दया करो, तुम बिन हमारा कौन है.....। गाया व श्री आर्य जी ने गीता में आत्मा की अमरता के साथ स्थूल और सुक्ष्म शरीर, जीवात्मा के साथ देने वाले पून्यकर्म व पूनर्जन्म आदि विषय को लेकर बहुत सुन्दर उपदेश किया ।

कान्यांजलि

महर्षि दयानंद सरस्वती

अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाशा दयानंद ऋषि ज्ञानी ने।
पाखंडों का नाश कर दिया वेद ज्ञान के दानी ने।।
वेद शास्त्र का सार बताकर धर्म कर्म समझाया है।
निराकार ईश्वर की महिमा भक्ति भाव दिखलाया है।
सारे जग में धूम मचाई दयानंद विज्ञानी ने।।
अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाशा दयानंद ऋषि ज्ञानी ने।।
गूंज उठे आकाश पृथ्वी ऐसा बिगुल बजाया है।
मन बुद्धि रोशन करने को भगवा ध्वज फहराया है।
दूर किए पाखंड सभी उस दयानंद लासानी ने।।
अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाशा दयानंद ऋषि ज्ञान ज्ञानी ने।।
पाप पुण्य और सत्य झूठ को साफ-साफ दिखलाया है।
वैदिक दर्शन की महिमा को सर्वोपरि बतलाया है।
दिल का दर्पण साफ कर दिया दयानंद की वाणी ने।।
अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाशा दयानंद ऋषि ज्ञानी ने।।
गौरवशाली वचन ऋषि के शक्ति का संचार करें।
मुर्दे में भी जान डाल दें ऐसा गौरव गान करें।
कायाकल्प कर दिया सबका दयानंद भटमानी ने।।
अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाशा दयानंद ऋषि ज्ञानी ने।।

रचनाकार- मणि राम शर्मा 'सरल'
जनपद- बिजनौर (उ०प्र०)
मो०-९८९७९०५४७४

मंगलमय सबको नव वर्ष

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

उठें समय से बिस्तर छोड़ें।
बीमारी से नाता तोड़ें।
प्रातः काल घूमने जाएं।
दिनचर्या को स्वच्छ बनाएं।
प्राणायाम योग से नाता।
जीवन सबका स्वस्थ बनाता।
रखें स्वास्थ्य का पूरा ध्यान।
सबके प्रति मन में सम्मान।
पौष्टिक होगा जब जलपान।
देह बनेगा तब बलवान।
मादक वस्तु कभी ना खाएं।
कहीं कुसंगति में ना जाएं।
गुटखा चुटकी पान सुपारी।
छोड़ो ये सब हैं बीमारी।
सुंदर हो आचरण हमारा।
दीन दुखी का बनें सहारा।
सबसे प्यारा देश हमारा।
इसे बनाएं सबसे न्यारा।
तब हो जीवन का उत्कर्ष।
मंगल मय सबको नव वर्ष।

रचना-मणि राम शर्मा 'सरल'
बिजनौर उ०प्र०

वैदिक भजन

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

विधाता तू हमारा है,
तु ही विज्ञान दाता है,

बिना तेरी दया कोई,
नहीं आनन्द पाता है

तितिक्षा की कसौटी से,
जिसे तू जाँच लेता है,

उसी विद्याधिकारी को,
अविद्या से छुड़ाता है

सताता जो न औरों को,
न धोखा आप खाता है,

वही सद् भक्त है तेरा,
सदाचारी कहाता है

सदा जो न्याय का प्यारा,
प्रजा को दान देता है,

महाराजा !! उसी को तू,
बड़ा राजा बनाता है

तजे जो धर्म को,
धारा कुकर्मों की बहाता है,

न ऐसे नीच-पापी को,
कभी ऊँचा चढ़ाता है

स्वयम्भू "शंकरानन्दी",
तुझे जो जान लेता है,

वही कैवल्य सत्ता की,
महत्ता में समाता है

विधाता तू हमारा है,
तु ही विज्ञान दाता है,

बिना तेरी दया कोई,
नहीं आनन्द पाता है

रचनाकार :- महाकवि पण्डित श्री नाथूराम शर्मा 'शंकर'

ओ३म्

(सार्वदेशिक आर्य वीर दल की प्रान्तीय इकाई)

आर्य वीर दल दिल्ली प्रदेश (पंजी०)

(सान्निध्य दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में)

चरित्र निर्माण, आत्मरक्षा एवं शाखा संचालन प्रशिक्षण शिविर

स्थान: एस. एम. आर्य पब्लिक स्कूल पंजाबी बाग, नई दिल्ली 110026

दिनांक: बुद्धवार 22 मई से शनिवार 1 जून 2024 तक

उद्घाटन: 26 मई, रविवार सायं 5 बजे

समापन: 1 जून, शनिवार सायं 4:00 बजे

मान्यवर महोदय नमस्ते

महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयंती के आयोजनों की श्रृंखला में आयोजित एवं आर्य समाज की स्थापना के वर्ष 2025 में 150 वर्ष पूर्ण होने के महा-पावन उपलक्ष पर, दल ने 200 शाखाओं के संचालन का संकल्प लिया है इस हेतु इस वर्ष विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है

